# देश विरोधी कांग्रेस को भारत नहीं पाकिस्तान से मिल रहा समर्थन: अनुराग ठाकुर

## मंत्री ने कहा-कांग्रेस का कार्यकर्ता आज बुरी तरह से हताश और निराशा है

➪ कहा-जनता के बीच कांग्रेसी नेता नहीं बता पा रहे अपनी सरकार की एक भी उपलब्धि



जगमार्ग न्यूज

**हमीरपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल में चुनावी सरगर्मी के बीच कहा की आज कांग्रेस के नेता लोगों से वोट मांगने जा रहे हैं तो अपने 15 महीनों की सरकार की एक भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे हैं। कांग्रेस का कार्यकर्ता आज बुरी तरह से हताश और निराशा है क्योंकि उन्हें कांग्रेस की झूठी गारंटीयों से उत्पन्न जन आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। अनुराग ठाकुर आज चुनाव प्रचार हेतु हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कुटलैहड़ और नादौन मंडल में थे। सर्वप्रथम उन्होंने कुटलैहड़ के थाना कलां में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया और उसके पश्चात नादौन मंडल में चार जनसभाओं को संबोधित किया। इसीलिए कांग्रेस के सभी बड़े नेता इन चुनावों में झूठ और भ्रम फैलाने के साथ-साथ लोगों को क्षेत्रीयता, भाषा, धर्म और अब चमड़ी के रंग के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। आजादी के 75 वर्षों बाद भी भारतीयों को रंग के आधार पर बांटना और उन्हें अफ्रीकी, चीनी, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक है।

आज कांग्रेस की देश विरोधी हरकतों के चलते उन्हें भारत में कोई समर्थन तो नहीं मिल रहा लेकिन पाकिस्तान से समर्थन जरुर मिल रहा है। कभी कांग्रेस हमारे एससी-एसटी और ओबीसी भाइयों का आरक्षण छीन कर मुसलमानो को दे देती है तो कभी भारतीयों की संपत्ति छीन कर अपने वोट बैंक को देने की बात करती है। यह कैसी सनातन और संतान विरोधी सोच है। जब राहुल गांधी को नॉर्थ इंडिया ने नकार दिया तब वे साउथ जाकर एसडीपीआई और पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रहे हैं जो देश के खिलाफ और आतंकवादी एजेंडा चलातीं है। कांग्रेस ने तो भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के नारे लगाने वाले को लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया है। तो आखिर यह भारत को टुकड़ों टुकड़ों में बांटने वाली सोच कहां तक जाएगी? कांग्रेस और उसके साथी बम ब्लास्ट करने वालों और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को संरक्षण देते हैं। ये लोग रक्षा सौदों से लेकर खेल के सामान खरीद में भी दलाली कर सकते हैं। अनुराग ठाकुर ने बताया कि ऊना के स्वा में तीन पुल निर्माण कराए जा चुके हैं जिनकी लागत क्रमशः 45, 48, और 63 करोड़ हैं। इसके अलावा जसवा प्रागपुर में भी हमने एक 63 करोड़ का पुल बनवा दिया है। यहां 40 वर्षों से ट्रेन नहीं चली थी।

### अंग्रेजों ने स्थापित की थी कांग्रेस पार्टी

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस के पास भाजपा को कोसने, झूठ, भय, भ्रम फैलाने और तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं है वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी जीत की हैट्रिक लगाने जा रहे हैं और कांग्रेस का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। कांग्रेस समय-समय पर भारतीयों को महसूस कराती रहती है कि वह एक अंग्रेज द्वारा स्थापित की गई पार्टी है। भारतीयों को बांटने और उन पर राज करने के लिए जो कभी अंग्रेज किया करते थे वह आज कांग्रेस कर रही है।

# राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं लेकिन उसे पढ़ते नहीं हैं: जे.पी. नड्डा

जगमार्ग न्यूज



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया और कांग्रेस की तुष्टिकरण एवं सनातन विरोधी राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री राजीव बिंदल एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पन्ना प्रमुख उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बाकी सभी पार्टियों ने विचारधारा के साथ समझौता किया लेकिन भाजपा जन संघ के रूप में अपनी स्थापना से लेकर आज तक अपनी विचारधारा पर अडिग रही। हम आजादी के बाद से ही एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा- नहीं चलेगा के लिए संघर्षशील रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को धाराशायी कर जम्मू-कश्मीर को सही मायनों में भारत का अभिन्न अंग बनाया। जिस नारे के लिए हमारे नेता स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपना बलिदान दिया, आज जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से जम्मू-कश्मीर में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान लागू हो गया हैं। आज से 34 साल पहले पालमपुर में भाजपा ने अपनी कार्यसमिति बैठक में प्रस्ताव पारित किया था कि हम राम मंदिर का रास्ता प्रशस्त करेंगे। हम नारे लगाते थे-राम लला हम आएंगे, मंदिर वही बनाएंगे। हमारे लिए राम मंदिर राजनीति का मुद्दा नहीं बल्कि हमारे मन के विश्वास का मुद्दा था।

➪ कहा-कांग्रेस विचार शून्य पार्टी बनकर रह गई है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को 10 दिन के कठोर अनुष्ठान के बाद राम लला को भव्य राम मंदिर में विराजमान किया। इसी तरह कांग्रेस ने तीन तलाक के मुद्दे को भी मुस्लिम बहनों पर थोपकर उनके सम्मान पर कुठाराघात किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक के अभिशाप से हमारी मुस्लिम बहनों को आजाद करने का काम किया।

# सतियेवाला हत्याकांड में फरार आरोपियों को पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार किया

जगमार्ग न्यूज



**फिरोजपुर।** फिरोजपुर के गांव सतीयेवाला में 35 वर्षीय बलविंदर सिंह उर्फ बिंदर की हत्या के मामले में फरार हुए 3 आरोपियों में से 2 को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है और एक आरोपी अभी भी कुलगाड़ी थाने की पुलिस गिरफ्त से बाहर है आरोपी के खिलाफ आईपीसी और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गांव सतियेवाला निवासी बाज सिंह की पत्नी सुरजीत कौर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके पार्टनर और उसके (सुरजीत कौर) बेटे बलविंदर सिंह उर्फ बिंदर खुशजीत सिंह पुत्र हरप्रीत सिंह के बीच जमीन विवाद चल रहा था, जिससे वह बात करना चाहता था। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा तो सुरजीत कौर उस के बारे में पता करने के लिए हरप्रीत सिंह उर्फ साबदे के घर पहुंची तो देखा कि उस के बेटे बलविंदर का शव आंगन में पड़ा था और हरदीप कौर खून साफ कर रही थी पानी की एक बाल्टी के साथ फर्श पर था और खुशजीत सिंह और उसके पिता हरप्रीत सिंह उर्फ सभा खड़े थे, हरप्रीत ने हाथ में बंदूक पकड़ रखी थी, इसलिए हरदीप सिंह ने सुरजीत कौर से अपने बेटे का शव ले जाने को कहा जब सुरजीत कौर ने जोर से शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग गया। इसके बाद सुरजीत कौर ने सवारी का इंतजाम किया और बलविंदर सिंह को फिरोजपुर के एक निजी अस्पताल में ले आई, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि बलविंदर सिंह की मौत हो गई है।

# डीसी मॉडल स्कूल में विश्व मदर दिवस का आयोजन



**फिरोजपुर (जगमार्ग न्यूज)।** डीसी मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विश्व मदर दिवस के उपलक्ष्य में मानेक शॉ हॉल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रैप 2 के विद्यार्थियो की मॉम ने हिस्सा लिया। प्रिंसिपल याचना चावला ने बताया कि स्कूल में बच्चो की माता द्वारा ही मंच का संचालन करने के अलावा अन्य गतिविधियो में हिस्सा लिया। प्रिंसिपल ने कहा कि विश्व में मां का दर्जा सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि मां बच्चे को जन्म देती है, इसलिए वह ब्रह्, है, उसे पालती है तो विष्णु है तो बालक का संहार भी करती है और वह महेश कहलाती है। उन्होंने कहा कि हरेक व्यक्ति को अपनी मां का सम्मान करना चाहिए। एवीपी एलीमैंट्री प्रीति सेठी ने बताया कि बच्चो की माता के लिए एक ड्रैस कोड निर्धारित किया गया।

# हर घर में संपर्क करे कार्यकर्ता व सरकार की उपलब्धियां आम जनमानस तक पहुचाएं: राकेश जम्वाल

जगमार्ग न्यूज



**सुंदरनगर।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा आज महासंपर्क अभियान की शुरुआत आज पूरे प्रदेश भर में हर विधानसभा क्षेत्र में हर बूथ पर की गई है। महामंत्री संगठन सिद्धार्थन व विधायक राकेश जमवाल ने सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 26 पुराना बाजार में इस महासंपर्क अभियान की शुरुआत की। विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत हर कार्यकर्ता हर घर में जाकर प्रधानमंत्री मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर हर घर तक संपर्क करेगा। उन्होंने कहा इस संपर्क में केंद्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों का पम्फलेट व प्रधानमंत्री मोदी का स्टिकर है जोकि हर घर में लगाया जाएगा। राकेश जमवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनावों के लिए हर घर में संपर्क करें और हर घर में संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष की उपलब्धियां आम जनमानस तक पहुँचाए। ताकि इस सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ से भारतीय जनता पार्टी को बढ़त मिल सके। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि विक्रमदित्य लगातार कह रहे हैं कि मैं एम पी बनूँगा तो मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए बहुत कुछ करने वाला हूँ, और मेरा विजन हैं विस्तृत हैं, इस प्रकार की बातें वो कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर विशेष प्रकार का विजन व अलग सोच अगर थी तो उनके घर में ही सांसद थीं, उनकी माताजी सांसद थीं।अपने चुनावों व एमपी बनने का इंतजार क्यों करते रहे अपने घर में चर्चा कर लेते ताकि ढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में हमारे संसदीय क्षेत्र में विकास होता। लेकिन उस कार्यकाल में तो याद नहीं आई और विकास के कार्य तो दूर की बात जो सांसद निधि सांसद को मिलती है वह भी क्षेत्र के विकास के लिए वह सांसद निधि हमारे विधानसभा क्षेत्र में मंडी जिला में कहीं नहीं आई। मंडी के नाम पर जो सांसद निधि आयी वो कहाँ और किसे मिली इसकी जानकारी भी प्रत्याशी व उनकी माता जी बताने का कष्ट करें।

➪ कहा-सांसद बनने के सपने देखने वाले भूल गए पहले भी उन्हीं के घर में माताजी थीं सांसद, फिर क्यों हुई मंडी की अनदेखी

## न्यूज डायरी

### गुरु अंगद देव जी का प्रकाशोत्सव मनाया गया



**मलोट (जगमार्ग न्यूज)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुद्वारा श्री गुरु अंगद देव जी मलोट में श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाशोत्सव बड़े स्तर पर मनाया गया। श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग डाले गए व अरदास की गई। इस अवसर पर भाई मलकीत सिंह ने अपने जत्थे के साथ रस भिंना कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कविश्री जत्थे द्वारा गुरु साहिब जी का इतिहास बताया गया। इस अवसर पर समाज सेवी एवं धार्मिक संस्थाओं के जिला संयोजक डॉ.सुखदेव सिंह गिल विशेष रूप से शामिल हुए।आयोजन समिति द्वारा गुरु का लंगर एवं ठंडे मीठे पानी की छबील का बहुत अच्छा प्रबंध किया गया। आयोजन समिति द्वारा संगत का धन्यवाद भी हकिया गया। इस मौके पर गुरचरण सिंह ढिल्लों,रेशम सिंह,बलवीर चंद,गुरदयाल सिंह,प्रमा नंद, टहिला सिंह,भगत सिंह, हरिंदर सिंह गिल,गुरनाम सिंह,ज्ञानी मान सिंह, गुरबखशीश सिंह, काला सिंह गिल, काबल सिंह, बाबा मलकीत सिंह, प्रिंसिपल बलवीर सिंह, पिंदर कंग, जसप्रीत सिंह, जसवन्त राय और बड़ी संखया में संगत मौजूद थी।

### कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ ने लोगों से की अपील

**फिरोजपुर (जगमार्ग न्यूज)।** फिरोजपुर कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ अभिषेक मणि त्रिपाठी ने छावनी निवासियों को अपील की है कि वह अपने-अपने घरों के दरवाजे खास करके लोहे की बड़े गेट जो बाहर की तरफ गली या सड़क की तरफ खुलते हैं। को अपने घर के प्रवेश द्वार के अनुसार कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा प्राप्त मंजूर सुधा नक्शे के अनुसार उन गेटों को अंदर की तरफ खोलने की विधि अनुसार ही लगवाई जाए। जिससे घरों के गेट गली की तरफ बहार की ओर लटकने नहीं चाहिए। जिन घरों के भी ऐसे गेट या दरवाजे गली की तरफ या सड़क की तरफ बहार की ओर लटकते हैं। उन्हें तुरंत ठीक करवा लिया जाए। अन्यथा कैंटोनमेंट बोर्ड के कानून के अनुसार उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अभिषेक मणि त्रिपाठी ने बताया कि ऐसी लगातार शिकायतें मिल रही है कि कुछ लोगों ने अपने घरों के प्रवेश द्वार के दरवाजे बाहर की तरफ गली अन्यथा सड़क की तरफ लगाए हुए हैं जिससे जब वह दरवाजे खोलते हैं तो राह चलते लोगों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और अनेक बार तो सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हो इसलिए सभी को अपील की जाती है कि जिन लोगों ने भी अपने घरों के मैंन गेट विपरीत दिशा में फिट किए हुए हैं उन्हें तुरंत। ठीक करवा ले। अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### घर-घर चलाएं संपर्क अभियान: कर्ण नंदा



**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा भाजपा 2024 की लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 साल की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच जा रही है हम घर-घर संपर्क अभियान के अंतर्गत सभी घरों में प्रधानमंत्री जी की उपलब्धियां को पहुंचाने का पूर्ण कार्य कर रहे हैं, इस अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के 56 लाख से ज्यादा मतदाताओं को हम संपर्क करेंगे और यह हमारा महा संपर्क अभियान होगा। प्रदेश में हमारे समस्त नेता घर-घर संपर्क कर रहे है जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, महामंत्री सिद्धार्धन, सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर विशेष रूप से उपस्थित है। कर्ण नंदा ने कहा की पिछले दशक में श्रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांस्फॉर्मश् के मंत्र को अपनाते हुए भारत ने जमीनी स्तर पर एक मजबूत नींव रखी है। उल्लेखनीय उपलब्धियों में विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा श्स्टैच्यू ऑफ यूनिटीश् से लेकर दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल श्चिनाब ब्रिजश् शामिल हैं। एक दशक पहले शासन व्यवस्था से जूझ रहा था, जिससे लोक कल्याण प्रभावित हुआ, अर्थव्यवस्था लड़खड़ा गई, वैश्विक प्रतिष्ठा कम हो गई और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास पिछड़ गया। देश विकास का प्यासा हो रहा था, तब 2014 के बाद एक परिवर्तनकारी युग का उदय हुआ, जो प्रगति, विकास और भारत के भविष्य के लिए नए सिरे से आशावाद का प्रतीक बना, जहाँ राष्ट्र अपने युवाओं की आकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए एक नया आकार ले रहा है, महिलाओं को नेतृत्व करने के लिए सशक्त बना रहा है, किसानों को समृद्ध कर रहा है, गाँवों का आधुनिकीकरण कर रहा है और गरीबों का उत्थान भी कर रहा है। राष्ट्रीय समर स्मारकश् युद्ध नायकों का सम्मान करता है और पद्म पुरस्कार अब जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वालों का सम्मान करता है। विश्व योग दिवस में 180 से अधिक देशों का सम्मिलित होना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक नेताओं द्वारा श्द बॉसश् की उपाधि मिलना, यह विकसित भारत के वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक है।

### सात सौ प्रशिक्षुओं तथा समूह अनुदेशकों ने ली मतदान की शपथ

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चौड़ा मैदान, शिमला में, 63-शिमला शहर की स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व को समझाते हुए वोट के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने पर बल दिया गया। चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष कार्यक्रम में नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार ने मतदाता सूची में नाम शामिल करने,नाम में संशोधन करने तथा नाम काटने या स्थानांतरित करने 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों मतदाताओं के लिए घर से मतदान करने की सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मत अत्यंत महत्वपूर्ण है इसके विषय में बताया गया। अधिकारी ने किसी भी प्रलोभन में न आते हुए जाति, धर्म, मूल, वंश आदि से ऊपर उठकर निष्पक्षता पूर्वक अपने-अपने घर के तथा अपने आसपास रहने वाले मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए उपस्थित समूह को प्रेरित किया 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' वाक्य को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं ने चार्ट तथा स्लोगन लिखकर इस बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह अनुदेशकों में संजय शर्मा, राजेंद्र मेहता, हितेन्द्र शर्मा,नेहा पंवर नोडल अधिकारी मतदाता साक्षरता समूह आईटीआई, हर्षिता पंडित, अमृतलाल शर्मा, प्रदीप वर्मा, संदीप कश्यप, भूपेंद्र कपिल,रितु बाला उषा शुक्ला,मंजू बाला निर्मला ठाकुर,सुनील मेहता,प्रेम सिंह,राकेश बिष्ट (अधीक्षक) व कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति देते हुए लगभग सात सौ लोगों ने निर्वाचन द्वारा ली जाने वाली शपथ ली।

# लायन रणजीत सिंह राणा को मिला बेस्ट चेयरमैन का पुरस्कार



**हुशियारपुर (जगमार्ग न्यूज)।** लायंस क्लबस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 डी की सालाना कांफ्रेंस मंसूरी (उत्तराखण्ड) में डिस्ट्रिक गवर्नर लायन डॉ. सुरिंदर पाल सोंधी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन लायन रणजीत सिंह राणा को उनके दुयारा इस साल पर्यावरण एवम स्पोर्ट्स पर किये गए कार्यो के लिए बेस्ट चेयरमैन का खिताब दिया गया। इस समय लायन डॉ. सुरिंदर पाल सोंधी ने कहा के लायन रणजीत सिंह राणा हमेशा जरूरतमंदों की सेवा में आगे रहते है। इस साल उन्होंने भारी गिनती में पौधे लगाकर रिकॉर्ड कायम किया है। उनके दुआरा समाज सेवा के किये गए कार्यों से हमेशा डिस्ट्रिक्ट 321 डी को उन पर गर्व महसूस हुआ है।

# अमित शाह के निर्देश पर काम कर रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान: हरसिमरत बादल

जगमार्ग न्यूज



**बठिंडा/मानसा।** पूर्व केंद्रीयमंत्री और बठिंडा सांसद हरसिमरत कौर बादल ने आरोप लगाते कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देशों पर काम करते पंजाब के साथ धोखा करने की तैयारी कर रहे और अब यह दिखाने के लिए एक रिपोर्ट तैयार कर रहे कि पंजाब के पास अतिरिक्त पानी है ताकि हरियाणा को पानी छोड़ा जा सके। बठिंडा सांसद ने इस विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने भगवंत मान को अपने नियंत्रण में ले लिया है और अब उन्हे यह दिखाने के लिए एक सर्वेक्षण तैयार करने का निर्देश दे रहे हैं कि पंजाब के पास अतिरिक्त पानी है ताकि उसे हरियाणा को जारी किया जा सके। बादल ने कहा कि अकाली दल इस साजिश को कभी सफल नही होने देगा। उन्होने कहा,'हम पंजाबियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह आपसे अपील करती है कि आगामी संसदीय चुनाव में अपने प्रतिनिधियों का चयन सावधानी से करें। आपको केवल उन्ही लोगों को संसद में भेजना चाहिए जो आपकी मांगों को प्रभावी ढ़ंग से उठा सके। बठिंडा सांसद ने कहा कि कैसे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य को दिवालिया बना दिया है। उन्होने कहा,'' आप सरकार ने अकेले दो सालों में अभूतपूर्व रूप से 1 लाख करोड़ रूपये उधार लेकर राज्य का कर्ज 3.75 लाख करोड़ रूपये तक पहुंचा दिया है।

# सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो लोगों की मौत

**फिरोजपुर (जगमार्ग न्यूज)।** फिरोजपुर और जीरा में सड़क हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। थाना कुलगढ़ी और जीरा सदर पुलिस ने वीरवार आरोपी दो चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है। गोपी चंद वासी गिलको कालोनी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह अपनी पत्नी बिबला रानी (57) के साथ स्कूटी पर सवार होकर कहीं से घर लौट रहा था। जैसे ही सतियां वाला चौंक से थोड़ा आगे भट्ठे के पास पहुंचे तो एक ट्रक ने टक्कर मार दी। बिबला सड़क पर गिर गई। उसके सिर पर ट्रक का टायर चढ़ने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। थाना कुलगढ़ी पुलिस ने आरोपी मलकीत सिंह वासी बस्ती धर्मपुरा (मल्लांवाला) जिला फिरोजपुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह, धर्मजीत सिंह वासी लोगोंदेवा (जीरा) ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसके चाचा का बेटा गुरप्रीत सिंह खेतों में कामकाज कर एक्टिवा पर सवार होकर घर लौट रहा था। जबकि वह खुद पैदल पीछे-पीछे आ रहा था। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने गुरप्रीत की एक्टिवा में टक्कर मार दी।

# ओबराय के प्रयासों से तरनतारन जिले के युवक का शव भारत पहुंचा

जगमार्ग न्यूज

**फिरोजपुर।** खाड़ी देशों में भगवान के दूत के रूप में जाने जाने वाले दुबई के एक प्रमुख व्यवसायी और सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. एस.पी. सिंह ओबेरॉय के प्रयासों के कारण, नारला गांव से संबंधित 35 वर्षीय गुरजंट तरनतारन जिले के काबल सिंह के पुत्र सिंह का शव आज दुबई से श्री गुरु रामदास अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए डॉ. एस.पी. सिंह ओबेरॉय ने कहा कि एक मासूम बच्चे के पिता गुरजंट सिंह अन्य युवाओं की तरह बेहतर भविष्य के सपने लेकर 21 मार्च को दुबई आए थे, लेकिन केवल 10 दिन बाद 31 मार्च को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। डॉ. ओबराय ने बताया कि इस घटना के संबंध में जब मृतक के वारिस अमृतसर टीम के माध्यम से उनसे मिले और उन्हें अपने साथ हुई इस गुमशुदगी के बारे में बताया तो उन्होंने भारत से गुरजंट के रिश्तेदार गुरप्रीत सिंह को दुबई बुलाया और उसकी पहचान करने के बाद शव उनके निजी सचिव बलदीप सिंह चहल की देखरेख में सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद गुरजंत सिंह का शव भारत भेज दिया गया है. उन्होंने कहा कि गुरजंट के शव को भारत भेजने की जिम्मेदारी उनके एक रिश्तेदार ने उठाई है। डॉ. ओबेरॉय ने कहा कि ट्रस्ट गुरजंट सिंह की विधवा को 1500 रुपये और विकलांग पिता को 1000 रुपये, कुल 2500 रुपये प्रति माह पेंशन देगा। गुरजंट के बुजुर्ग व अपंग पिता काबल सिंह व मां कश्मीर कौर न बताया कि गुरजंट अपने हिस्से की जमीन बेचकर दुबई से देश जाने की कोशिश कर रहा था।

➪ पीड़ित परिवार को ट्रस्ट देगा 2500 रुपये प्रतिमाह पेंशन

# बच्चों को शिक्षित किया जाए ताकि वह भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक समस्या से निजात पाए: एसडीएम

प्रेम गर्ग



**मलोट(जगमार्ग न्यूज)।** बाल भिक्षावृत्ति के अपराध को खत्म करने के उद्देश्य से उपमंडल मजिस्ट्रेट मलोट संजीव कुमार की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण विभाग श्री मुक्तसर साहिब की एक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर सब डिविजनल मजिस्ट्रेट मलोट संजीव कुमार ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के दौरान शुरुआत में 5 बच्चों को लाकर उनको स्कूल जैसा आरामदायक माहौल देकर शिक्षित किया जाएगा ताकि उन बच्चों से प्रभावित होकर भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चे स्वयं ही इस सामाजिक समस्या से निजात पा सके। बैठक के दौरान उन्होंने भीख मांगने वाले बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मुक्तसर साहिब डॉ.शिवानी नागपाल को भीख मांगने वाले बच्चों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए और उनके द्वारा मलोट ब्लॉक में भीख मांगने वाले बच्चों की सूची तैयार करने के लिए मलोट ब्लॉक के बाल कल्याण समिति के सदस्य मनीष वर्मा और गुरपनीत कौर को जिमेदारी दी गई। एसडीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट के दौरान बच्चों में स्कूल के प्रति आकर्षण पैदा करने के लिए खेल, पेंटिंग, नृत्य आदि का आयोजन किया जाएगा। बच्चों की रुचि के अनुसार कला से जोड़कर उनके मन में स्कूल के प्रति आकर्षण पैदा किया जाएगा। ब्रिज कोर्स के बाद बच्चों को प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। ये बच्चे दूसरे बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

**आरोप** — जनता के पैसों पर अपने दोस्तों को ऐशो-आराम करा रहे मुख्यमंत्री

# संप्रदाय व रंग भेद के आधार पर देश को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही कांग्रेस: बिंदल

➪ देविन्द्र कुमार भूट्टों ने भरा नामांकन

➪ विकास की बात पर बजट-बजट रोते हैं सुक्खू

जगमार्ग न्यूज



**ऊना।** कुटलेहड़ विधानसभा से प्रत्याशी देविन्द्र कुमार भूट्टों ने आज पूरे दल-बल के साथ जन सभा में शक्ति प्रधान किया।

इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, पूर्व मंत्री एंव विधायक बिक्रम ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एंव विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री विरेन्द्र कंवर व भाजपा उपाध्यक्ष संजीव कटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस अवसर पर भूट्टों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मुझे 14 महीने का कार्यकाल में कार्य करने का मौका मिला। उस 14 महीने के कार्यकाल में मेंने प्रयास किया कि सबको साथ लेकर चलूं, ईमानदारी से काम करूं, परन्तु किसी प्रकार का सहयोग मुख्यमंत्री सुक्खू से हमें नहीं मिला। अपने विधासभा क्षेत्र का विकास मात्र विधायक नीधि के माध्यम से जो हो पाया वो किया।

कटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी देविन्द्र भुट्टो के पक्ष में रखी जनसभा में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कांग्रेस का असली चेहरा सारी दुनिया के सामने आ गया जब गांधी परिवार के गुरू सैम पित्रोदा ने भारत के मूल निवासियों को उनकी शक्ल, सूरत के आधार पर विभक्त करते हुए देश के विभाजन का एक नया खाका खींच दिया जिसने पूर्व, पश्चिम, उत्र्र, दक्षिण भारत में अलग-अलग रंग व शारीरिक रचना के आधार पर भारतवासियों के मनो में विभेद पैदा करने का षड़यंत्र रचा। अब जनता नके झूठे प्रलोभनो के झांसे में नहीं आएगी।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि 14 महीने से यह सरकार एक भी ईट इस कुटलेहड़ क्षेत्र में नहीं लगा पाई। 14 महीने के कार्यकाल में प्रदेश के हमारे यह पहले मुख्यमंत्री हैं जो किसी भी विधानसभा क्षेत्र में नहीं पहुँच पाए।

### कांग्रेस ने देश की एकता व अखण्डता को ताक पर रखा

कांग्रेस नेतृत्व में पहले भी देश ने देश का विभाजन देखा है और एक बार फिर सम्प्रदाय व रंग भेद के आधार पर देश को तोड़ने का षड़यंत्र चल रहा है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र के साथ एक के बाद एक आधी कड़ियां जुड़ती जा रही है। कांग्रेस सनातन विरोधी है, राम विरोधी है, कांग्रेस देश की एकता व अखण्डता को ताक पर रखकर राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगी है। भारत और हिमाचल की जनता अब यह जान चुकी है कि कांग्रेस मुद्दों से ध्यान भटका कर लोगों को झूठे लुभावने वायदे करके सत्ता प्राप्त करने का प्रयास कर रही है